7. *सभी* प्रश्न *अनिवार्य* है – 1 × 8 = 8

(i) हामिद ने मेले में क्या खरीदा ?

(ii) सुदीप किस कहानी का पात्र है ?

(iii) पारिभाषिक शब्द किसे कहते हैं ?

(iv) भारत में शब्दकोष निर्माण की परम्परा कब प्रारम्भ हुई ?

(v) 'परीक्षा गुरु' उपन्यास के लेखक का नाम बताइए।

(vi) Formal शब्द का हिन्दी पारिभाषिक शब्द बताइए।

(vii) मोहन राकेश के नाटकों के नाम बताइए।

(viii) 'गैंग्रीन कहानी' की नायिका का नाम बताइए।

Roll No. ....

41011

B. A. (Pass Course & Vocational)

4th Semester Examination – May, 2019

HINDI (COMPUSLORY)

Paper : P - IV

Time : Three hours] *[Maximum Marks : 80*

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6 × 2 = 12

(क) आशा तो बड़ी चीज है, और फिर बच्चों की आशा ! उनकी कल्पना तो राई का पर्वत बना लेती है। हामिद के पाँव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी-धुरानी टोपी है, जिसका गोट काला पड़ गया है, फिर भी वह प्रसन्न है।

(ख) और तब एकाएक मैंने जाना कि वह भावना मिथ्या नहीं है, मैंने देखा कि सचमुच उस कुटुम्ब में कोई गहरी भंयकर छाया घर कर गई है, उनके जीवन के इस

पहले ही यौवन में घुन की तरह लग गई है, उसका इतना अभिन्न अंग हो गई है कि उसे पहचानते ही नहीं, उसी की परिधि में घिरे हुए चले जा रहे हैं।

(ग) अबोध ! क्या बक रही है ? राजकीय अनुग्रह का तिरस्कार ! तेरी भूमि से चौगुना मूल्य है, फिर कौशल का तो यह सुनिश्चित राष्ट्रीय नियम है। तू आज से राजकीय रक्षण पाने की अधिकारिणी हुई इस धन से अपने को सुखी बना।

(घ) बिना मजूदरी के पेट-भर भात पर काम करने वाला कारीगर ! दूध में कोई मिठाई न मिले तो कोई बात नहीं, किन्तु बात में जरा भी झाल वह नहीं बरदाश्त कर सकता।

2. 'गैंग्रीन' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए। 8

अथवा

मुन्शी प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय दीजिए।

3. किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -- $4 \times 4 = 16$

(i) हामिद का चरित्र-चित्रण।

(ii) फैसला कहानी, का उद्देश्य।

(iii) 'मलबे का मालिक' शीर्षक कहानी की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(iv) 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी के सन्देश पर प्रकाश डालिए।

(v) 'ठेस' कहानी का सार।

(vi) मधूलिका के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ बताइए

4. किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -- 8

(i) हिन्दी नाटक साहित्य की विकास-यात्रा का कीजिए।

(ii) हिन्दी निबन्ध साहित्य के उद्भव एवं विकास क दीजिए।

(iii) आधुनिक काल की परिस्थितियों का उल्लेख की

(iv) हिन्दी उपन्यास के विकास क्रम का परिचय दीि

5. किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों में दीजिए -- 5

(i) शुक्लोत्तर हिन्दी निबन्ध की विकास यात्रा स्पष्ट

(ii) भारतीय नवजागरण युग।

(iii) नई कहानी की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

(iv) आधुनिक काल की साहित्यिक परिस्थितियाँ।

6. निम्न में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -- 5

(i) पारिभाषिक शब्दावली का अर्थ एवं स्वरू कीजिए।

(ii) पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में सक्रिय सम्प्रदायों का विवेचन कीजिए।

(iii) पारिभाषिक शब्दावली में कौन-कौन से गुण अपे

(iv) पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता पर लिखिए।